# बंडा सिंचाई परियोजना जिला सागर (म.प्र.)

## संक्षिप्त टीप

बंडा सिंचाई परियोजना तहसील एवं विकास खंड बंडा जिला सागर के अंतर्गत प्रस्तावित है। योजना में प्रस्तावित बांध स्थल धसान नदी पर ग्राम उल्दन तहसील बंडा जिला सागर के पास स्थित है एवं यह सागर से लगभग 50 कि.मी. दूरी पर है। बांध स्थल टोपोसीट क्र. 54L/16 पर अक्षांस 24$^0$4.35'11" तथा देशांस 78$^0$45'43"पर स्थित है।

परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. 22(ए)/363/2018/एमपीएस/31/1110/भोपाल दिनांक 26.06.2018 द्वारा रू. 2610.54 करोड़ की प्रदाय की गई है। इससे 80,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है।

**परियोजना का डूब क्षेत्रः—**

परियोजना के अंतर्गत लगभग 28 ग्राम डूब प्रभावित होने की संभावना है, इसमें से 2 ग्राम पूर्णतः एवं 26 ग्राम आंशिक रूप से प्रभावित हो रहे है। परियोजना का डूब क्षेत्र लगभग 4699.08 हेक्टेयर है, जिसमें निजी भूमि 3645.13 हेक्टेयर, वन भूमि 505.50 हेक्टेयर एवं शासकीय भूमि 548.45 हेक्टेयर प्रभावित होगी।

**जल उपलब्धताः—**

परियोजना में प्रस्तावित बांध से कुल 301.51 मि.घ.मी. जल संग्रहित होगा। इसमें 12 मि.घ.मी. पेयजल हेतु आरक्षित है। 270 मि.घ.मी. पानी का उपयोग करते हुए सूक्ष्म सिंचाई पद्वति से 1.00 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र तक उच्च दबाव पाईप लाईन से पानी उपलब्ध कराते हुए स्प्रिंकलर द्वारा 80,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जायेगी।

**परियोजना का सैच्य क्षेत्र —**

परियोजना से सागर जिले की मालथौन तहसील के 16,000 हेक्टेयर, बंडा तहसील के 37000 हेक्टेयर, शाहगढ तहसील के 12000 हेक्टेयर एवं छतरपुर जिले की बकस्वाहा तहसील के 15000 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है।

**(विनोद कुमार शर्मा)**
**परियोजना प्रबंधक**
बीना पी.एम.यू. जल संसाधन विभाग
सागर (म.प्र.)